# नवोदय विद्यालय समिति
# अर्धवार्षिक परीक्षा (2021-22)
# विषय- हिंदी (ब-पाठ्यक्रम)
# कक्षा-VII

**समय-3घंटे** **पूर्णांक-80**

<u>सामान्य निर्देश:-</u>

1. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
2. प्रश्नपत्र में -क, ख, ग और घ चार खंड हैं।
3. सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।
4.विकल्पात्मक प्रश्नों के उत्तर एक ही विकल्प का चयन कर के दें।
5.प्रश्नों के उत्तर देते समय वर्तनी की शुद्धता तथा सुलेख पर ध्यान देना अनिवार्य हैं।

| | खंड ' क' वस्तुपरक प्रश्न | |
|---|---|---|
| प्रश्न-1 | निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़ कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | 5X1=5 |
| | मानव जाति को अन्य जीवधारियों से अलग करके महत्त्व प्रदान करने वाला जो एकमात्र गुरु है, वह है उसकी विचार-शक्ति। मनुष्य के पास बुद्धि है, विवेक है, तर्कशक्ति है अर्थात उसके पास विचारों की अमूल्य पूँजी है। अपने सुविचारों की नींव पर ही आज मानव ने अपनी श्रेष्ठता की स्थापना की है और मानव-सभ्यता का विशाल महल खड़ा किया है। यही कारण है कि विचारशील मनुष्य के पास जब सुविचारों का अभाव रहता है तो उसका वह शून्य मानस कुविचारों से ग्रस्त होकर एक प्रकार से शैतान के वशीभूत हो जाता है। मानवी बुधि जब सद्भावों से प्रेरित होकर कल्याणकारी योजनाओं में प्रवृत्त रहती है तो उसकी सदाशयता का कोई अंत नहीं होता, किंतु जब वहाँ कुविचार अपना घर बना लेते हैं तो उसकी पाशविक प्रवृत्तियाँ उस पर हावी हो उठती हैं। हिंसा और पापाचार का दानवी साम्राज्य इस बात का द्योतक है कि मानव की विचार-शक्ति जो उसे पशु बनने से रोकती है, उसका साथ देती है। | |
| 1. | मानव जाति को महत्त्व देने में किसका योगदान है?<br>(क) शारीरिक शक्ति का (ख) परिश्रम और उत्साह का<br>(ग) विवेक और विचारों का (घ) मानव सभ्यता का | 1 |
| 2. | विचारों की पूँजी में शामिल नहीं हैं?<br>(क) विवेक (ख) उत्साह<br>(ग) तर्क (घ) बुद्धि | 1 |
| 3. | मानव में पाशविक प्रवृत्तियाँ क्यों जागृत होती हैं?<br>(क) हिंसा बुद्धि के कारण (ख) असत्य बोलने के कारण<br>(ग) कुविचारों के कारण (घ) स्वार्थ के कारण | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | मनुष्य को पशु बनने से कौन रोकती है ?<br>(क) विचार-शक्ति (ख) विवेक-शक्ति<br>(ग) तर्कशक्ति (घ) ये सभी | 1 |
| 5. | गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?<br>(क) मनुष्य का गुरु (ख) दानवी शक्ति<br>(ग) विवेक शक्ति (घ) पाशविक प्रवृत्ति | 1 |
| प्रश्न-2 | निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़ कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | 5X1=5 |
| | संसार में सबसे मूल्यवान वस्तु समय है क्योंकि दुनिया की अधिकांश वस्तुओं को घटाया-बढ़ाया जा सकता है, पर समय का एक क्षण भी बढ़ा पाना व्यक्ति के बस में नहीं है। समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता। विद्यार्थी के लिए तो समय का और भी अधिक महत्त्व है। विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना। समय के उपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं वे जीवन भर पछताते रहते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते। मनुष्य का कर्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं, उनकी चिंता करने के बजाय जो अब हमारे सामने हैं, उसका सदुपयोग करें। | |
| 1. | समय को सबसे अमूल्य वस्तु क्यों कहा गया है?<br>(क)इसका एकक्षण भी घटाया-बढ़ाया नहीं जा सकता\|<br>(ख) समय व्यक्ति के वश में नहीं हैं।<br>(ग)समय ही व्यक्ति के जीवन को बदल सकता हैं \|<br>(घ)मनुष्य उस समय की गति को नहीं रोक सकता \| | 1 |
| 2. | विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है-<br>(क)जीवन को सुखी बनाना (ख)व्यक्ति के जीवन में समय का महत्त्व<br>(ग)गुरुओं का आदेश मानना (घ)शिक्षा प्राप्त करना | 1 |
| 3. | विद्यार्थी जीवन भर क्यों पछताते रहते हैं ?<br>(क)क्योंकि वे आलसी होते हैं \|<br>(ख)जो अपना कीमती समय मौज मस्ती और आलस्य में खो देते हैं।<br>(ग)जो ज्ञान प्राप्त नहीं करते।<br>(घ)जो विद्यार्थी माता-पिता और गुरुओं की आज्ञा का पालन नहीं करते\| | 1 |
| 4. | समय के संबंध में व्यक्ति का क्या कर्तव्य बताया गया है-<br>(क)परिश्रम करें \|<br>(ख)मन लगाकर पढ़ाई करें \|<br>(ग)बीते समय के बारे में पश्चाताप न करके वर्तमान समय का सदुपयोग करें \|<br>(घ)असफल होने पर निराश न हों, पुनः प्रयास करें \| | 1 |
| 5. | उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक बताइए-<br>(क)समय का सदुपयोग (ख)विद्यार्थी और समय<br>(ग)समय और मनुष्य (घ)अमूल्य समय | 1 |
| प्रश्न-3 | निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़ कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | 5X1=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | अब न गहरी नींद में तुम सो सकोगे,<br>गीत गाकर मैं जगाने आ रहा हूँ !<br>अतल  अस्ताचल तुम्हें जाने न दूँगा,<br>अरुण उदयाचल सजाने आ रहा हूँ ।<br><br>कल्पना में आज तक उड़ते रहे तुम,<br>साधना से सिहरकर मुड़ते रहे तुम<br>अब तुम्हें आकाश में उड़ने न दूँगा,<br>आज धरती पर बसाने आ रहा हूँ ।<br><br>सुख नहीं यह, नींद में सपने सँजोना,<br>दुख नहीं यह, शीश पर गुरु भार ढोना<br>शूल तुम जिसको समझते थे अभी तक,<br>फूल  मैं  उसको  बनाने  आ  रहा हूँ । | |
| 1. | कवि बेखबर लोगों को किस प्रकार जगाना चाहता है?<br>(क)कविता लिखकर (ख)घंटी बजाकर<br>(ग)गीत गाकर (घ)नींद से जगाकर | 1 |
| 2. | कवि के अनुसार लोग आज तक किसमें उड़ते रहे हैं ?<br>(क)साधना में (ख)वास्तविकता में<br>(ग)कल्पना में (घ)कविता में | 1 |
| 3. | पद्यांश के अनुसार कवि ने किसे सुख नही माना हैं ?<br>(क)गहरी नींद में सोना (ख)आकाश में उड़ना<br>(ग)साधना से घबराना (घ)नींद में सपने सँजोना | 1 |
| 4. | कवि अब लोगो को कहाँ नहीं जाने देगा ?<br>(क)अतल अस्ताचल में (ख)आकाश में<br>(ग)अरुण उदयाचल में (घ)सुख समूह में | 1 |
| 5. | अस्ताचल का उचित विलोम शब्द चुनें-<br>(क) पर्वत (ख)अस्त होना<br>(ग)उदयाचल (घ)उदय होना | 1 |
| प्रश्न-4 | निम्नलिखित व्याकरण सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- | 5X1=5 |
| 1. | "स्वामी विवेकानंद विद्वान व्यक्ति थे" नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए जो वाक्य में प्रयुक्त विशेषण शब्द व उसके विशेषण भेद को दर्शाता है?<br>(क) स्वामी - गुणवाचक विशेषण (ख) विद्वान - गुणवाचक विशेषण<br>(ग)विवेकानंद - परिमाण वाचक विशेषण (घ)व्यक्ति - सार्वनामिक विशेषण | 1 |
| 2. | मुझे आज ही घर जाना है। वाक्य में क्रिया पद है-<br>(क) आज (ख) मुझे<br>(ग) घर (घ) जाना | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?<br>(क) देवनागरी लिपि (ख)रोमन लिपि<br>(ग) खरोष्ठी लिपि (घ)ब्राह्मी लिपि | 1 |
| 4. | निम्नलिखित वाक्यों में द्वित्व क्रिया का प्रयोग किस उदाहरण में नही हुआ है?<br>(क) वह भी यह दृश्य देख चुका है (ख)दादाजी अब चल-फिर सकते हैं।<br>(ग) पिताजी अभी-अभी आए हैं। (घ) तुम रोज यहाँ आया करना। | 1 |
| 5. | "जीवन और ........... तो परम सत्य है।" उचित विलोम शब्द से वाक्य पूरा कीजिए?<br>(क) मर जाना (ख) जीना<br>(ग) मृत्यु (घ) जिंदगी | 1 |
| प्रश्न-5 | निम्नलिखित व्याकरण सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | 5X1=5 |
| 1. | इनमें से कौन सा शब्द 'विष' का विलोम शब्द है ।<br>(क) ईमानदार (ख)गुण<br>(ग) अमृत (घ) स्वच्छ | 1 |
| 2. | निम्न में से बहुवचन शब्द है -<br>(क) चिड़िया (ख) चिड़ियाँ<br>(ग) पुस्तक (घ) केला। | 1 |
| 3. | भाषा की सबसे छोटी इकाई है ?<br>(क) शब्द (ख)स्वर<br>(ग)व्यंजन (घ) वर्ण | 1 |
| 4. | मेरा बेटा आशीष मेरी "<u>आँखों का तारा</u>" है \| रेखांकित मुहावरे का अर्थ है -<br>(क)बहुत सुंदर (ख) बहुत बुद्धिमान<br>(ग)बहुत प्रिय (घ) बहुत समझदार | 1 |
| 5. | संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलाने वाले शब्दों को क्या कहते हैं -<br>(क)विशेषण (ख)अव्यय<br>(ग)विशेष्य (घ)क्रिया | 1 |
| प्रश्न-6. | पाठ्य-पुस्तक से सम्बन्धित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - | 5X1=5 |
| 1. | निम्नलिखित में से ऐसे कौन से काम हैं, जो तुम कर सकते हो, रोबोट नहीं।<br>(क) अलग-अलग फूलों को उनकी गंध से पहचानना \|<br>(ख)बर्फीले स्थानों पर बिना किसी कठिनाई के कार्य करना \|<br>(ग) निर्भीकतापूर्वक ग्रहों से सैम्पल इकट्ठा करना \|<br>(घ) समुद्र की गहराईयों तथा तलहटी में उतर पाना \| | 1 |
| 2. | चीनी सम्राट सी ह्यांग ती ने क्या आदेश दिया?<br>(क) सभी लोग काम करने जायें \|<br>(ख)सभी पुस्तकों को नष्ट कर दिया जाए \|<br>(ग) नई पुस्तकें लिखी जायें \| | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) लोग समय पर अपना काम नहीं करें \| | |
| 3. | विश्वेश्वरैया को कब पता लगा कि भारत ब्रिटिश का एक उपनिवेश है।<br>(क) रामायण की कहानी सुनने से (ख)ब्रिटिश अधिकारियों को भारत में देख कर<br>(ग) नौकरानी की फटी साड़ी देख कर (घ)'गाड़ सेव द किंग' वाला गीत गाने पर | 1 |
| 4. | मंजरी ने कनक को अपना खिलौना क्यों दे दिया?<br>(क) क्योंकि उसे वह खिलौना पसंद नहीं था ।<br>(ख)क्योंकि उस दिन कनक का जन्मदिन था ।<br>(ग)क्योंकि कनक ने उसकी जान बचाई थी ।<br>(घ)क्योंकि हर्ष ने उसे ऐसा करने के लिए कहा था । | 1 |
| 5. | 'गुब्बारे पर चीता' कहानी के लेखक हैं-<br>(क) हरिवंशराय बच्चन (ख)प्रेमचंद<br>(ग)सर्वेश्वरदयाल सक्सेना (घ) विष्णु प्रभाकर | 1 |
| प्रश्न-7. | निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़ कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | 5X1=5 |
| | इस प्रकार कई बार विद्या और ज्ञान के शत्रुओं ने पुस्तकों को नष्ट किया किंतु वही किताबें, जिनके बारे में सोचा जाता था कि वे हमेशा के लिए बर्बाद कर दी गई हैं , फिर से अपने पुराने या नए रूपों में प्रकट होती रहीं। ठीक भी है पुस्तकें मनुष्य की चतुराई, अनुभव, ज्ञान, भावना, कल्पना और दूरदर्शिता, इन सबसे मिलकर बनती है। यही कारण है कि पुस्तकें नष्ट कर देने से मनुष्य में ये गुण समाप्त नही हो जाते। दूसरी शताब्दी में डेनिश पादरी बेन जोसफ अक़ीबा को उनकी पांडित्यपूर्ण पुस्तक के साथ जला दिया गया था उसके अंतिम शब्द याद रखने योग्य हैं, "कागज ही जलता है , शब्द तो उड़ जाते हैं।"<br>1) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?<br>2) पुस्तकों को कई बार किसने जलाया था?<br>3) फिर से नए रूप में कौन प्रकट हुआ/हुई?<br>4) पुस्तकें किस से मिलकर बनती हैं?<br>5) "कागज ही जलता है, शब्द तो उड़ जाते हैं।" यह किसका कथन है? | |
| प्रश्न-8. | निम्नलिखित पठित पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़ कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | 5X1=5 |
| | पेड़ों के संग बढ़ना सीखो,<br>पेड़ों के संग खिलना<br>पेड़ों के संग-संग इतराना,<br>पेड़ों के संग हिलना।<br><br>बच्चे और पेड़ दुनिया को<br>हरा-भरा रखते हैं<br>नही समझते जो, दुष्कर्मों<br>का फल चखते हैं।<br><br>आज सभ्यता वहसी बन,<br>पेड़ों को काट रही है \|<br>जहर फेफड़ों में भरकर | |

| | | |
|---|---|---|
| | हम सब को बाँट रही है।<br><br>1) प्रस्तुत पद्यांश किस कविता से लिया गया है?<br>2) इस कविता के कवि का नाम लिखिए?<br>3) आज की सभ्यता हम सब को क्या बाँट रही है?<br>4) पद्यांश के अनुसार दुष्कर्मों का फल कौन चखते हैं?<br>5) पद्यांश में आए 'वहसी' शब्द का अर्थ लिखिए? | |
| | खंड 'ब' अभिकथन प्रश्न | |
| प्रश्न-9. | निम्नलिखित कथन निष्कर्ष संबंधी प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़ कर उत्तर दीजिए। | 8X1=8 |
| 1. | कथन:-1. हिंदी में वचन दो प्रकार के होते हैं-एकवचन और बहु वचन ।<br>कथन:-2. हिंदी में वचन दो प्रकार के होते हैं- एकवचन और द्विवचन<br><u>निष्कर्ष</u>:-<br>(क) कथन एक और दो दोनों सही हैं।<br>(ख) कथन एक सही है दो गलत है।<br>(ग) कथन दो सही है एक गलत है।<br>(घ) कथन एक और दो दोनो गलत हैं। | 1 |
| 2. | "पूर्विका अब पहले जितना अच्छा गाना नही गा सकती है" - दिए गए वाक्य में कर्ता और कर्म सम्बंधी सही कथन की पहचान कीजिए-<br>(क)पूर्विका कर्म है जबकि गा सकती कर्ता है।<br>(ख)गा सकती कर्म है जबकि पूर्विका कर्ता है।<br>(ग)पूर्विका कर्ता है जबकि गाना कर्म है।<br>(घ)गाना कर्ता है जबकि पूर्विका कर्म है। | 1 |
| 3. | कथन:-1. संज्ञा और विशेषण शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।<br>कथन:-2. संज्ञा शब्दों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उनके स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।<br><u>निष्कर्ष</u>:-<br>(क)कथन एक और दो दोनों सही हैं।<br>(ख)कथन एक सही है दो गलत है।<br>(ग)कथन दो सही है एक गलत है।<br>(घ)कथन एक और दो दोनो गलत हैं। | 1 |
| 4. | कथन:-1. वे शब्दांश जो शब्द के अंत में लग कर उसके अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं प्रत्यय कहलाते हैं।<br>कथन:-2. वे शब्दांश जो शब्द के प्रारम्भ में लग कर उसके अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं प्रत्यय कहलाते हैं।<br><u>निष्कर्ष</u>:-<br>(क)कथन एक और दो दोनों सही हैं।<br>(ख)कथन एक सही है दो गलत है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग)कथन दो सही है एक गलत है।<br>(घ)कथन एक और दो दोनो गलत हैं। | |
| 5. | कथन:-1. अनामिका ने <u>दो शर्ट</u> खरीदी।<br>कथन:-2. पवन ने <u>कुछ मीटर</u> कपड़ा लिया।<br><u>निष्कर्ष</u>:-<br>(क)कथन एक में निश्चित परिमाण वाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है जबकि कथन दूसरे में अनिश्चित संख्या वाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है।<br>(ख)कथन एक में निश्चित संख्या वाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है जबकि कथन दूसरे में अनिश्चित संख्या वाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है।<br>(ग) कथन एक में अनिश्चित परिमाण वाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है जबकि कथन दूसरे में अनिश्चित संख्या वाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है।<br>(घ)कथन एक में निश्चित सँख्या वाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है जबकि कथन दूसरे में अनिश्चित परिमाण वाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है। | 1 |
| 6. | जा पा जलिन और सुक पा बुंगी पा से सम्बंधित कौन सा कथन गलत है?<br>(क) जानवरों को उनकी आहट से नही पहचानते थे।<br>(ख)भयंकर तूफ़ान में सही दिशा और मार्ग का पता लगा लेते\|<br>(ग) संकट का पूर्वानुमान कर लेते \|<br>(घ)रात में भी साथियों का मार्गदर्शन कर लेते थे। | 1 |
| 7. | कनक छोटे-छोटे शंखों की माला बनाकर बेचती थी क्योंकि- सही कथन का चयन करो:-<br>(क) उसके पिता नहीं थे और उसकी मां मछली बेच कर किसी तरह परिवार का पालन-पोषण करती थी। अतः उनकी सहायता के लिए कनक शंखों की माला बनाकर बेचती थी।<br>(ख)कनक को माला बनाने का शौक था।<br>(ग) कनक पैसे कमाकर अपने लिए महँगे-महँगे खिलौने खरीदना चाहती थी।<br>(घ)कनक बहुत महत्वाकांक्षी थी। वह छोटी सी उम्र में ही पैसे कमा लेना चाहती थी। | 1 |
| 8. | आज भी किस क्षेत्र में गारो समाज के लोग रहते हैं?<br>(क) असम (ख)कुचविहार<br>(ग) विहार (घ)झारखंड | 1 |
| | खंड 'स' | 1 |
| | पाठ्य-पुस्तक के प्रश्न | |
| प्रश्न-10. | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 12 प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए: | 12X2=24 |
| 1. | 'पुस्तकें जो अमर हैं' पाठ के आधार पर बताओ कि राजा को पुस्तकों से क्या खतरा था? | |
| 2. | वर्षों बाद मिनी के पिता ने काबुलीवाले को उसकी किस बात से पहचान लिया? | |
| 3. | अगर तुम्हें रोबोट से कुछ काम करवाना हो तो क्या करोगे? | |
| 4. | हर्ष का पिता क्या काम करता था? | |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | चुरुंगुन को कौन-कौन सी चीज़ें अच्छी लगती हैं? | |
| 6. | तुममें और रोबोट में क्या-क्या अंतर है? | |
| 7. | सरकस के बारे में कौन-कौन सी अफ़वाहें फैली हुई थीं? | |
| 8. | मंजरी को कनक क्यों नहीं भाती थी? | |
| 9. | 'थोड़ी धरती पाऊँ' कविता में कवि की क्या विनती है? | |
| 10. | गारो लोग एक स्थान पर क्यों बस जाना चाहते थे? | |
| 11. | "सी ह्यांग ती" के समय में पुस्तकें कैसी बनाई जाती थीं? | |
| 12. | मिनी की काबुलीवाले से मित्रता क्यों हो गई? | |
| 13. | अपने घर के बरामदे में खड़े होकर छ: वर्षीय विश्वेश्वरैया ने क्या देखा? | |
| | खंड 'घ' रचनात्मक प्रश्न | |
| प्रश्न-11. | 1) बीमारी के कारण घर जाने के लिए अनुमति माँगते हुए अपने प्राचार्य जी को एक पत्र लिखिए।<br>अथवा<br>अपनी पढ़ाई की जानकारी देते हुए अपने बड़े भाई को एक पत्र लिखिए।<br><br>2) निम्न में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए।<br><br>1.मेरा विद्यालय 2.दशहरा का पर्व 3.आदर्श विद्यार्थी | 4X2=8 |